प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय,
लेखापरीक्षा भवन, 361, अण्णा सालै, चेन्नै- 600 018

सं.प्रनिलेप(के)/दावा ।।/ युनिट-V / 2022-23/04 दि. 11.04.2022

परिपत्र-02

विषय: वर्ष 2022-23 के लिए निजी कंप्यूटर की खरीद के लिए अग्रिम – आवेदन की मांग हेतु।

******

वर्ष 2022-23 दौरान निजी कंप्यूटर की खरीद के लिए इस कार्यालय के पदधारियों से आवेदन मांगे जाते हैं।

अग्रिम के लिए पात्रता के निर्णय में निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी :

1) निजी कंप्यूटर की खरीद के लिए अग्रिम राशि रु.50,000/- या निजी कंप्यूटर की वास्तविक कीमत (सीमा शुल्क को छोड़कर, यदि कोई हो), जो भी कम हो, स्वीकार्य होगी।

2) कंप्यूटर अग्रिम के लिए संपूर्ण सेवा काल में अधिकतम पाँच बार अनुमति दी जाएगी। निजी कंप्यूटर की खरीद के लिए दूसरा या आगामी अग्रिम पहले अग्रिम के आहरण की तारीख से तीन वर्षों की समाप्ति के बाद एवं पहले के देय, यदि कोई है, तो उसको पूरा करने के बाद, स्वीकार्य है।

3) आवेदक यह सुनिश्चित करें कि वे कंप्यूटर की खरीद के लिए विक्रेता के साथ मोल भाव पूरा कर लें और डीलर से प्रपत्र बीजक (नये कंप्यूटर के लिए) संलग्न करें।

4) निजी कंप्यूटर अग्रिम के लिए संस्वीकृत राशि 150 किश्तों से अधिक में वसूली नहीं जाएगी।

प्रपत्र बीजक के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी दावा अनुभाग में दिनांक **20.04.2022** को अथवा उससे पहले प्रस्तुत की जाए। देय तारीख के बाद प्राप्त आवेदन तथा अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अग्रिम की मंजूरी मुख्यालय द्वारा आबंटित निधि के अधीन है।

(उप निदेशक प्रशा के दि.11.04 2022 के आदेशानुसार)

लक्ष्मी शंकर

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/ दावा

सेवा में,

सूचना पट्ट
हिंदी अनुभाग - अनुवाद के लिए
ईडीपी-इस कार्यालय के सभी पदधारियों को एसएमएस भेजने के लिए तथा कार्यालयीन वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

एसएमएस मेसेज : आर ई वर्ष 2022-23 के दौरान निजी कंप्यूटर अग्रिम हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि 20.04.2022 है। आगे के विवरण हेतु अपने कार्यालयीन मेल आईडी का संदर्भ लेने की कृपा करें।